महानगर
वर्ष 49 । अंक 81 ।
पृष्ठ : 22+4+4=30
मूल्य : पांच रुपये

अमर उजाला

7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण । उत्तर प्रदेश । उत्तराखंड । हिमाचल । जम्मू-कश्मीर । दिल्ली । हरियाणा । पंजाब । चंडीगढ़

amarujala.com
बरेली
रविवार, 9 अप्रैल 2017



नृत्य करती नर्सिंग की छात्राएं।

नर्सिंग की छात्राओं ने गीत संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत कर बांध दिया समां

बरेली (ब्यूरो)। श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज और स्कूल ऑफ नर्सिंग का वार्षिकोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्रओं ने सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का उद्घाटन चेयरमैन देव मूर्ति, निदेशक प्रशासन आदित्य मूर्ति, पैरामेडिकल की प्रधानाचार्य डॉ. प्रेरणा यादव और नर्सिंग की प्रधानाचार्य अर्पना पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर वाद-विवाद, शतरंज, बैडमिंटन, सोलो डांस, सोलो सिंगिंग, मोनो एक्ट, रंगोली, मेंहदी, पेंसिल ड्राइंग एवं अनुपयोगी वस्तुओं द्वारा मनोरंजक चीजें बनाने की प्रतियोगिता हुई। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। चेयरमैन देव मूर्ति ने सभी को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अंकित कुमार, विधि सिंह, मुनीज रजा, अर्मिता मौर्य, पूजा तोमर, अर्चना, सोनी गौतम, सोनिया पोल, सरस्वती गौराग, हेमा पठलिया मौजूद रहे।